Name : ....

Roll No. : ...10026...............................

कुल प्रश्नों की संख्या : 18] [कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 4

XHY-201300

विषय : सामाजिक विज्ञान

समय : 3 घण्टे] [पूर्णांक : 75

निर्देश :

(*i*) **सभी** प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

(*ii*) प्रश्न क्रमांक 1 में तीन खण्ड (अ), (ब), (स) हैं। प्रत्येक खण्ड में 5 प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न में 1 अंक निर्धारित है।

(*iii*) प्रश्न क्रमांक 2 से 6 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में 2 अंक निर्धारित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा *30* शब्द है)

(*iv*) प्रश्न क्रमांक 7 से 10 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में 3 अंक निर्धारित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा *50* शब्द है)

(*v*) प्रश्न क्रमांक 11 से 14 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न में 4 अंक निर्धारित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा *75* शब्द है)

(*vi*) प्रश्न क्रमांक 15 एवं 16 दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न में 5 अंक निर्धारित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा *100* शब्द है)

(*vii*) प्रश्न क्रमांक 17 एवं 18 दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न में 6 अंक निर्धारित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा *150* शब्द है)

प्रश्न-1 (**खण्ड-अ**) सही विकल्प चुनकर लिखिए : [1×5=5]

(*i*) अपरदन एवं कीटनाशक के प्रयोग से सबसे पहले किस परत को नुकसान होता है ?

(*अ*) जैविक परत (*ब*) खनिज परत

(*स*) आधारी परत (*द*) उपर्युक्त सभी

(*ii*) विगत साठ वर्षों में किस फसल का उत्पादन सबसे अधिक बढ़ा है ?

(*अ*) धान (*ब*) ज्वार

(*स*) बाजरा (*द*) गेहूँ

(*iii*) सरकार के राजस्व का सबसे बड़ा स्रोत है :

(*अ*) ऋण (*ब*) सरकारी कंपनी का लाभ

(*स*) कर (*द*) इनमें से कोई नहीं

(*iv*) 'न्यू-ड्रील' की घोषणा किसने की थी ?

(*अ*) विल्सन (*ब*) स्टालिन

(*स*) रूजवेल्ट (*द*) ऐटली

(*v*) 90 प्रतिशत तक मानसिक विकास किस उम्र के बच्चों का हो चुका होता है ?

(*अ*) 2 वर्ष (*ब*) 3 वर्ष

(*स*) 4 वर्ष (*द*) 5 वर्ष

प्रश्न-1 (**खण्ड-ब**) उचित सम्बन्ध जोड़िए : [1×5=5]

(**क**)		(**ख**)
(*i*) वायु	-	(*अ*) सन् 2017
(*ii*) बैंक	-	(*ब*) नवीकरणीय
(*iii*) जी.एस.टी.	-	(*स*) ऋण
(*iv*) संयुक्त राष्ट्र संघ	-	(*द*) पी.डी.एस.
(*v*) खाद्य सुरक्षा	-	(*इ*) सन् 1945

प्रश्न-1 (खण्ड-स) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : [1×5=5]

(*i*) देश में सन् 1950-51 में गेहूँ का उत्पादन ____ मिलियन टन था।

(*ii*) वन नवीकरणीय ____ है।

(*iii*) मोटरगाड़ी उद्योग भारत के ____ और ____ औद्योगिक प्रदेशों में स्थित है।

(*iv*) ____ इटली का फासीवादी तानाशाह था।

(*v*) पी.डी.एस. के अन्तर्गत पात्र परिवार को प्रत्येक महीने ____ मूल्य पर खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाता है।

प्रश्न-2 बंजर भूमि का उपयोग कैसे किया जा सकता है ? [2]

प्रश्न-3 आपके आस-पास कौन-कौन सी फसलें एक से अधिक मौसम में उपजाई जाती हैं ? [2]

प्रश्न-4 क्या भूजल खनिज है ? [2]

प्रश्न-5 भारत में कर संग्रहण अन्य देशों की तुलना में कम क्यों है ? [2]

प्रश्न-6 खाद्य सुरक्षा क्या है ? [2]

प्रश्न-7 जनगणना के आँकड़े हमारे लिए कैसे उपयोगी हैं ? [3]

प्रश्न-8 राष्ट्रपति राज्य का नाममात्र मुखिया है। लिखिए। [3]

प्रश्न-9 न्यूनतम समर्थन मूल्य क्या है ? [3]

प्रश्न-10 परमाणु नि:शस्त्रीकरण कैसे संभव हुआ ? [3]

प्रश्न-11 संसाधनों के संरक्षण का क्या अर्थ है ? इसके दो उद्देश्य लिखिए। [4]

अथवा

आपके यहाँ सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर बनाने एवं सबके लिए उपलब्ध करवाने हेतु चार सुझाव लिखिए।

प्रश्न-12 प्रथम विश्व युद्ध के चार कारण लिखिए। [4]

अथवा

वर्साय की संधि का जर्मनी पर क्या प्रभाव पड़ा (कोई *चार*) ?

प्रश्न-13 बजट में किन बातों का विवरण होता है? [4]

अथवा

राष्ट्रवाद और अतिराष्ट्रवाद में क्या अंतर है?

प्रश्न-14 भारत में पुरुषों की तुलना में महिलाओं की साक्षरता कम है। इसके कारण लिखिए (कोई ***चार***)। [4]

अथवा

पंचशील क्या था? इसके प्रमुख सिद्धांत लिखिए।

प्रश्न-15 उत्पादन की वृद्धि की तुलना जनसंख्या के साथ करना क्यों आवश्यक है? [5]

अथवा

आधुनिक खेती के क्या-क्या दुष्परिणाम दिखाई दे रहे हैं (कोई ***पाँच*** लिखिए)?

प्रश्न-16 अमेरिकी आर्थिक मंदी (सन् 1929) का पूरे विश्व पर प्रभाव क्यों पड़ा? [5]

अथवा

बचत खाता और स्थायी जमा (एफ.डी.) में क्या अन्तर है? स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न-17 भारतीय संसद के कार्यों का वर्णन कीजिए। [6]

अथवा

संविधान सभा ने संविधान निर्माण में लोगों की भागीदारी को बढ़ाने के लिए क्या कदम उठाए? स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न-18 हमें संविधान की जरूरत क्यों है? महत्व के छ: बिन्दुओं का उल्लेख कीजिए। [6]

अथवा

"भारतीय लोकतंत्र में प्रधानमंत्री एक धुरी के रूप में काम करता है।" स्पष्ट कीजिए।

....